**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)**
**मार्च 2020 माह का सारांश**

मार्च 2020माहकी महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:

**1. कोविड19 के लिए पहलें**

(क) एमएसडीई ने दिनांक 29/3/20के ई-मेल के माध्यम से राज्यों कोदेश भर में स्थित सभी राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और उनके छात्रावासों (कुल 33 एनएसटीआई) को संगरोध/अलगाव सुविधाओं में परिवर्तित करने के किए उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। जिला प्रशासन पानीपत, त्रिवेंद्रम, कालीकट, लुधियाना, चेन्नई और देहरादूनके एनएसटीआई की पहले ही माँग कर चुके हैं। इसके अलावाराज्यों को, अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले आईटीआई के परिसरों का संगरोध/अलगाव सुविधा के रूप में उपयोग करने कीसलाह दी गई है। देश भर में कुल 15697 आईटीआई हैं,जिनमें से 3055सरकारी क्षेत्र में और 12,642निजी क्षेत्र में हैं।

(ख) पीएमकेवीवाई के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र मेंप्रशिक्षित एक लाख पेशेवरों की सूची 29/3केमेल के माध्यम सेस्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय कोभेजी गई थी, जिसमें उनके संपर्क विवरण जैसे मोबाइल नंबर और ईमेल पते दिए गए हैं। सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे गए दिनांक3-4-2020 केअ.शा.पत्रके माध्यम 1.75 लाख ऐसे कर्मियों के आंकड़े साझा किए गए हैं।

(ग) कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए, देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित जन शिक्षण संस्थानों(जेएसएस)को दिनांक 31-3-2020 के पत्रकेमाध्यम से आम जनता के उपयोग के लिए कपड़े के मास्क तैयार करने और वितरित करने के लिए कहा गया था। 5 अप्रैल तक, जेएसएसके माध्यम से3.88 लाख मास्क वितरित किए गए।

(घ) इसी प्रकार, आईटीआईऔर एनएसटीआईजिला कलेक्टर और जिला स्वास्थ्य देखभाल अधिकारियों के मार्गदर्शन में मास्क तैयार कर रहेहैं। 18 आईटीआई और 2 एनएसटीआई ने मास्क बनाना शुरू कर दिया है, जबकि अन्य इस काम के लिए तैयार हैं और डिप्टी कलेक्टरों सेउनकामार्गदर्शन करने का अनुरोध किया गयाहै।

(ङ) कुछ एनएसटीआईऔर आईटीआईद्वारा इसमहामारी के संबंध में कई नवीन कार्य किए गए हैं। एनएसटीआईलुधियाना ने एयरो ब्लास्टर मशीन तैयार की है और इसे शहर को सेनीटाइजकरने के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया गयाहै। आईटीआई जहानाबाद ने एक सार्वजनिक टनलसैनिटाइज़र मशीन तैयार की है और इसेजहानाबाद केजिला अस्पताल में

लगाया गया है। आईटीआई, पुणे छावनी, ने छः डिसइन्फेक्शनचैंबर तैयार किया है और इसेछावनी में लगायागयाहै।

(च) एमएसडीई ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों काकम से कम एक दिन कावेतन पीएम केयर्स कोष में देनेका निर्णय लिया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद, क्षेत्रकौशल परिषदों और प्रशिक्षण प्रदाताओं को सीएसआर निधियों के माध्यम से योगदान करने के लिए कहा गया है। वेतन और सीएसआर से कुल 3.23 करोड़ रुपए का योगदान किया गया है। इसके अलावा, 1853 आईटीआई ने इस कोष में लगभग 1.41 करोड़ रुपये का योगदान दिया है।

(छ) आठ पूर्वोत्तरराज्यों के लिए पीएमकेवीवाई2016-20स्कीमहेतुप्रशिक्षण प्रदाताओं द्वाराउम्मीदवारों को नामांकित करने कीमौजूदाअंतिमतिथि 31 मार्च को बढ़ाकर31-05-2020करदिया गया है। इसके अलावा, 2019-20 में दिए गए लक्ष्यों के लिए प्रशिक्षण के प्रावधान की अवधि को 31 May 2020 से बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया है।

(ज) मंत्रालय ने शिक्षुओं को पूरावजीफा देने के लिए शिक्षुताके निर्दिष्ट और वैकल्पिक कार्योंके तहत सभी प्रतिष्ठानों को सूचित किया है।

(झ) कोविड-19 के कारण उत्पन्न स्थितियों को संभालने के लिए एक तदर्थ कार्य योजना तैयार की गई थी। इसमें कार्यात्मक अड़चनों को हल करने के क्षेत्र में नीतिगत हस्तक्षेप, और क्रमिक और नियंत्रित सामान्यीकरण प्रयास के साथ कोविड-19 लॉकडाउन स्थितियों को संभालने के लिए एक स्पष्टकार्यरणनीति शामिल थी। इसके अलावा, मंत्रिपरिषद की बैठक में माननीय प्रधान मंत्री के निर्देशों के साथ, इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि शुरू करने के लिए औपचारिक जांच करनेऔर रणनीतिकप्रस्ताव तैयारकरने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है।

(ञ) लॉकडाउन अवधि के दौरानवरिष्ठ अधिकारियों के लिए कुछ मुख्य कार्य निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें घर पर रहकर काम करते हुए पूरा करना है।

(ट) हालांकिआईटीआई को बंद कर दिया गया है, लेकिननिम्नलिखित कार्य किए जा रहे हैं ताकि शिक्षणकी प्रक्रिया जारी रहे:

(i) भारतस्किल्सपोर्टल, क्वेस्ट ऐप, निमिवर्चुअल क्लासरूम आदिजैसेऑनलाइन संसाधनों के माध्यम से शिक्षणजारी रखना।

(ii) प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षुओं को दिया गया असाइनमेंटराष्ट्रव्यापी लॉक-डाउन अवधि के दौरान पूराकरना।

(iii) प्रशिक्षकव्हाट्सएप समूह के माध्यम से प्रशिक्षुओं के साथनियमित संपर्क में रहेंऔर कार्य के लिए उनका मार्गदर्शन करें।

**2. <u>नई पहलेंऔर विशेष कार्यक्रम</u>:**

(क) एसजीओएस के सोशल सेक्टर ग्रुप के तहत एमएसडीई से संबंधित लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया गया और ई-समीक्षापोर्टल पर अपलोड किया गया।

(ख) 2020-25 की अवधि के लिए प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 3.0का मसौदा अवधारणानोट कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रीतथाराज्य मंत्री के अनुमोदन के बाद सचिव,व्ययविभाग, वित्त मंत्रालयको अनुमोदन के लिए,भेजा गया है। पीएमकेवीवाई के नए संस्करण में पीएमकेवीवाई 2.0मेंकिया गया एक बड़ा बदलाव शामिल है, जोमौजूदाआपूर्ति संचालितदृष्टिकोणकोमांगसंचालितमेंबदलनाऔर जिले को कार्यक्रम का केंद्रीय केन्द्रीय बिंदु बनाना है।

(ग) राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम(एनएपीएस)-2.0 का अवधारणा नोट तैयार किया गया है और अनुमोदन के लिए व्यय विभाग को भेजा गया है। संशोधितस्कीमवर्ष 2025 के अंत तकप्रति वर्ष शिक्षुओं में 33% की वृद्धि के साथ तक 40 लाख शिक्षुओं को प्रशिक्षित करने पर लक्षित है। इसके अतिरिक्तमहिला शिक्षुओं को संलग्न करने और आकांक्षात्मक जिलों में शिक्षुओं को संलग्न करने को अधिक महत्त्वदिया गया है। अवधारणा नोट को माननीय केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

(घ) महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुसार, एमएसडीई ईकोसिस्टमके तहत आने वाले संस्थानों जैसे कि एनएसटीआई, आईटीआई, पीएमकेवीवाई, जेएसएस आदि कीमहिला हितधारकों के साथ, अंबेडकर भवन, नई दिल्ली में 4/3/20 को महिला दिवस समारोह आयोजित किया गया था। कुछ महिला लाभार्थियों ने अपना अनुभव सुनाया और बतायाकि कैसे कौशल प्रशिक्षण ने उनके जीवन को बदल दिया।

(ङ) मंत्रालय ने भारत के विकास की कहानी में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका पर महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा 6/3/20 को आयोजित सम्मेलन में भीभाग लिया, साथ ही मंत्रालय ने महिला विकास में कौशलीकरणके महत्व पर प्रकाश भीडाला।

(च) भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) की अंतर-मंत्रालयीअधिकार प्राप्त समिति (आईएमईसी) की बैठक 13/3/20 को आयोजित की गई थी, जिसमें आईआईएसकी प्रगति की समीक्षा की गई और आईआईएसकानपुर की रिपोर्टकी जांच की गई।

(छ) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की गतिविधियों और भावी रणनीति पर 17/3/20 को प्रधानमंत्री कार्यालय में एक प्रस्तुति दी गई थी। इसबैठक में श्रीअमरजीत सिन्हा,सलाहकार,प्रधानमंत्री कार्यालय,अपरसचिव, श्री तरुण बजाज और अन्य ने भाग लिया।

(ज) नीति आयोग के आकांक्षी जिलों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 19/3/20 को एक प्रस्तुति दी गई थी, जिसमें कौशल विकास के तहत आकांक्षी जिलों के लिए अल्पावधि और दीर्घावधि लक्ष्यों को स्पष्ट किया गया था।

(झ) एनडीसी पाठ्यक्रममें भाग लेने वाले अधिकारियों को "भारत में कौशलीकरण की चुनौतियां" पर नेशनल डिफेंस कॉलेज में 12/3/20 को सचिव द्वारा एक व्याख्यानदिया गया था।

(ञ) व्यय विभाग के निर्देशों के आधार परपीएमकेवीवाई-2.0, एनएपीएसऔर जेएसएस जैसी स्कीमें जो 31मार्च 2020को समाप्त हो रही थीं, को 31मार्च 2021 तक या 15वें वित्त आयोग की सिफारिशेंलागू होने की तारीख तकया अगले आदेशों तक, जो भी पहले होतक के लिए बढ़ा दिया गया था।

(ट) विकेंद्रीकृत योजना को बढ़ावा देने के लिए, मंत्रालय द्वारा जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) के लिए पुरस्कारों का गठन किया गया है।डॉ. महेंद्र नाथ पांडे, माननीय मंत्री, एमएसडीईद्वारा18 मार्च 2020 को"जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी)2020-21 के लिए पुरस्कार"के दिशानिर्देश जारी किए गए थे।

(ठ) कौशल विकास कार्यक्रम प्रदायगीमें सुधार के साथ-साथ प्रतिबद्ध और सक्षम विकास नेतृत्वका एक संवर्ग तैयारकरने में जिला प्रशासन की सहायता करने के लिए एमएसडीईकी एक पहल,महात्मा गांधी नेशनल फेलोशिप कार्यक्रम की शुरूआत एमएसडीईद्वारामाननीय मंत्रीकी अध्यक्षता में,आईआईएमबैंगलोर में8 मार्च 2020 कोहुएएक समारोह मेंआईआईएमबैंगलोर के सहयोग से की गई थी।

******